## एक नजर में



### 16 हितग्राहियों को मिली दो-दो लाख की सहायता राशि

**आष्टा.** संबल योजना के अंतर्गत नपा कार्यालय में सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति द्वारा पार्षद तारा कटारिया, डॉ सलीम खान, अरशद अली उपस्थिति में पात्र हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि का वितरण किया गया. कार्यक्रम के दौरान सीएमओ श्री प्रजापति ने बताया कि संबल योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक सुरक्षा कवच है. उन्होंने कहा दुख की इस घड़ी में परिवार को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा यह अनुग्रह सहायता सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में प्रदान की गई है. समग्र अधिकारी दीपाली सोलंकी ने बताया कि जनकल्याणकारी संबल योजना के तहत नगर के 16 हितग्राहियों को 2-2 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की गई है.



### अब प्रतिदिन बनेंगे उप डाकघर मे आधार कार्ड

**भैरुंदा.** नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डाक विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है. उपडाकघर पोस्टमास्टर चंद्रशेखर देशमुख ने बताया कि जनपद पंचायत परिसर स्थित उपडाकघर में प्रतिदिन आधार कार्ड बनाने और पुराने आधार कार्डों को अपडेट करने के लिए एक विशेष काउंटर शुरू किया गया है. केंद्र पर नागरिक सुविधाजनक वातावरण में अपना नया आधार कार्ड बनवा सकेंगे. अधिकारियों द्वारा नागरिकों को आधार अपडेट रखने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है. नागरिक कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं.




### सेवा निवृत्ति पर चौहान को समारोह पूर्वक दी विदाई

**बुदनी.** शासकीय माध्यमिक शाला माना में पदस्थ शिक्षक नंदन सिंह चौहान के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित कर विद्यालय परिवार ने स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी. कार्यक्रम में संस्था प्रधान हरदयाल सिंह आजाद ने बताया कि चौहान ने 38 वर्षों तक शिक्षा क्षेत्र में सेवाएं दीं, जिनमें 31 वर्ष बुदनी के सांदीपनि विद्यालय में रहे. बाद में पदोन्नति के उपरांत माध्यमिक शाला माना बुदनी में पदस्थ हुए और यहीं से सेवानिवृत्त हुए. उन्होंने चौहान के अनुशासन, समर्पण और शिक्षण के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की. समारोह में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए प्राचार्यों और संस्था प्रमुखों ने भी चौहान का सम्मान कर उनके योगदान को याद किया. अंत में बीएल धुर्वे ने आभार व्यक्त किया.



### बुद्ध जयंती पर दिया श्रद्धा और प्रेरणा का संदेश

**आष्टा.** अंबेडकर मंगल भवन में भगवान गौतम बुद्ध की सुंदर प्रतिमा के समक्ष पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक बुद्ध जयंती मनाई. इस अवसर पर उपस्थितजनों को आत्माराम पचलासिया ने भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दिलवाया. उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध ने मानवता को सत्य, अहिंसा, करुणा और मध्यम मार्ग अपनाने का संदेश दिया. जो आज भी पूरी दुनिया के लिए प्रेरक और मार्गदर्शक है. कार्यक्रम के दौरान पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा कि भगवान बुद्ध के विचार वर्तमान समय में और भी प्रासंगिक हो गए हैं. उनके उपदेश हमें शांति, सहिष्णुता और आपसी सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं. इस अवसर पर राजकुमार मालवीय, चिंटू मालवीय आदि मौजूद थे.



### एसडीएम ने किया नर्मदा बाबरी नाव घाट का निरीक्षण

**भैरुंदा.** गत दिवस जबलपुर जिले के बरगी में नर्मदा नदी पर हुए क्रूज़ हादसे को दृष्टिगत रखते हुए एसडीएम सुधीर कुशवाह ने बाबरी नाव घाट का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान नर्मदा नदी में नाव संचालन के संबंध में ठेकेदार को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि नाव संचालन के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए. उन्होंने निर्देश दिए कि नाव में निर्धारित क्षमता से अधिक लोगों का न बैठाया जाए तथा सभी यात्रियों को अनिवार्य रूप से लाइफ जैकेट उपलब्ध कराई जाए. नाव संचालन से पहले नाव की तकनीकी जांच नियमित रूप से की जाए तथा अनुभवी नाविकों द्वारा ही नाव चलाई जाए. एसडीएम ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

# तपती धूप में इंतजार, सुविधाओं का अभाव

## साइलो केंद्र पर व्यवस्थाओं की कमी के कारण किसानों को गेहूं तुलाने में हो रही परेशानी



- चिलचिलाती धूप में खड़े रहने को मजबूर अन्नदाता
- अव्यवस्था के चलते किसानों में बढ़ रहा आक्रोश

नवभारत न्यूज

**सीहोर 01 मई. जिला मुख्यालय स्थित साइलो गेहूं खरीदी केंद्र पर इन दिनों अव्यवस्थाओं का आलम किसानों के लिए भारी मुसीबत बन गया है. समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने पहुंचे किसान घंटों चिलचिलाती धूप में खड़े रहने को मजबूर हैं. केंद्र के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लगी हुई हैं, लेकिन खरीदी की प्रक्रिया बेहद धीमी गति से चल रही है, जिससे किसानों की परेशानी और बढ़ती जा रही है.**

किसानों का कहना है कि केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है. न तो पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही बैठने के लिए कोई छायादार स्थान. तेज गर्मी के बीच किसान अपनी बारी का इंतजार करते-करते थक चुके हैं. कई किसान सुबह से लाइन में लगे रहते हैं, लेकिन शाम तक भी उनकी ट्रॉली तौल के लिए अंदर नहीं जा पाती. इस अव्यवस्था के चलते किसानों में आक्रोश लगातार बढ़ रहा है.

जब परेशान किसान अपनी समस्या लेकर केंद्र कार्यालय पहुंचे, तो वहां कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं मिला. कर्मचारियों के माध्यम से जब अधिकारियों से मोबाइल पर बात कराई गई, तो उनका रवैया भी संतोषजनक नहीं रहा. किसानों का आरोप है कि अधिकारियों ने साफ कह दिया कि जब पर्याप्त संख्या में ट्रॉलियां इकट्ठी हो जाएंगी, तभी खरीदी शुरू की जाएगी। इस तरह का जवाब किसानों के लिए और अधिक निराशाजनक साबित हो रहा है.

ग्राम बिजौरी के किसान पिंटू वर्मा बताते हैं कि वे एक दिन पहले भी ट्रॉली लेकर आए थे, लेकिन छुट्टी होने का हवाला देकर उन्हें वापस भेज दिया गया. अगले दिन फिर सुबह से लाइन में खड़े हैं, लेकिन अब भी स्पष्ट नहीं है कि उनका गेहूं तौला जाएगा या नहीं। वहीं ग्राम बावड़िया के किसान अंकित राजपूत का कहना है कि सुबह से इंतजार करने के बावजूद अधिकारियों की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है। उनका आरोप है कि जब तक 100-200 ट्रॉलियां नहीं भर जातीं, तब तक खरीदी शुरू नहीं की जाती, जिससे किसानों का समय और श्रम दोनों व्यर्थ हो रहे हैं.

किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र के गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मी उनसे अभद्र व्यवहार कर रहे हैं। थके-हारे किसान जब अपनी बारी या प्रक्रिया के बारे में पूछते हैं, तो उन्हें संतोषजनक जवाब देने के बजाय डांट-फटकार का सामना करना पड़ता है. इससे किसानों में नाराजगी और असंतोष और बढ़ रहा है.

कागजों में व्यवस्था बेहतर दिख रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात इसके उलट नजर आ रहे हैं. ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर 'अन्नदाता' को अपनी ही उपज बेचने के लिए इस तरह की परेशानियों का सामना क्यों करना पड़ रहा है. यदि जल्द ही व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया, तो किसानों का आक्रोश और बढ़ सकता है, जो प्रशासन के लिए चुनौती बन सकता है.

### प्रशासन के निर्देश, जमीनी हकीकत अलग

हालांकि जिला प्रशासन की ओर से खरीदी व्यवस्था को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर बालागुरू के ने कहा है कि किसानों को स्लॉट बुकिंग के आधार पर निर्धारित समय पर ही केंद्र बुलाया जाए, ताकि अनावश्यक भीड़ से बचा जा सके. साथ ही उन्होंने खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित रखने तथा किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं. किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात भी कही गई है.

### आंकड़ों में खरीदी की स्थिति

जिले में गेहूं उपार्जन के लिए 1 लाख 2 हजार 485 किसानों का पंजीयन किया गया है, जिनमें से 67 हजार 66 किसान स्लॉट बुक कर चुके हैं. अब तक लगभग 40 हजार किसानों से 2.10 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है. इनमें से 56 प्रतिशत किसानों को भुगतान भी किया जा चुका है.

## गेहूं को बारिश से बचाने करें व्यवस्थाएं : कलेक्टर

**सीहोर.** समर्थन मूल्य पर हो रहे गेहूं उपार्जन को संभावित असामयिक वर्षा से सुरक्षित रखने के लिए कलेक्टर बालागुरु के ने जिले के सभी उपार्जन केंद्रों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं. उन्होंने कहा कि मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में बारिश की संभावना जताई गई है, ऐसे में उपार्जित गेहूं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए. कलेक्टर बालागुरु के ने निर्देशित किया कि उपार्जन केंद्रों पर संग्रहित गेहूं का शीघ्र परिवहन कर सुरक्षित गोदामों में भंडारण किया जाए. आवश्यकतानुसार अतिरिक्त ट्रकों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए. साथ ही किसानों से खरीदी जा रही उपज की तौल में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त कांटे एवं श्रमिकों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं. उन्होंने कहा कि गोदाम स्तर पर उपार्जित गेहूं को उसी दिन सुरक्षित भंडारित किया जाए तथा जहां संभव हो, उपार्जन केंद्रों पर कवरयुक्त स्थानों पर ही खरीदी की जाए, ताकि अनाज को बारिश से बचाया जा सके. तौल के बाद बोरियों की सिलाई कर उन्हें ऊंचे स्थान पर स्टैकिंग के साथ रखा जाए तथा तिरपाल आदि से ढंकने की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए. कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों पर जलभराव की स्थिति न बनने पाए. आवश्यक होने पर केंद्रों को वैकल्पिक सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए. वहीं किसानों को भी तिरपाल आदि से ढंककर लाने के लिए प्रोत्साहित करें.

## ट्रैक्टर-ट्राली के साथ किसान करेंगे प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 01 मई.** प्रदेश व्यापी भोपाल कुंच ज्ञापन विशाल वाहन रैली की तैयारियों और महासंघ की सोलह सूत्रीय मांगों को लेकर कृषि उपज मंडी में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की बैठक आयोजित की गई.

प्रदेश सरकार की वादा खिलाफी से नाराज राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ 4 मई को राजधानी में प्रदर्शन करने जा रहा है. मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने के लिए प्रदेश व्यापी अभियान के तहत जिले से हजारों किसान राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिलाध्यक्ष कचरू परमार के नेतृत्व में ट्रैक्टर ट्रालियों में आटा दाल कंडे ओढ़ने, बिछाने के कपड़े झंडे, डंडे भरकर फंदा टोल टैक्स पर एकात्रित होकर रवाना होंगे. ट्रैक्टर रैली का काफिला किसानों की ताकत का बड़ा संदेश देगा. किसानों के काफिले को जहां पर भी पुलिस द्वारा रोका गया वहीं अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा. राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार कक्का के निर्देश पर उपास्थित जिला पदाधिकारियों को राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष त्रिलोक कोठी एवं प्रदेश महामंत्री घनश्याम पटेल ने महासंघ द्वारा की जा रही विभिन्न किसान हितैशी मांगों वआगामी अनिश्चित कालीन हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन की जानकारी दी.

## नींद के झोंके में मक्के से भरा ट्रक पलटा, बड़ा हादसा टला

- थाने के सामने घटित हुआ सड़क हादसा
- भैरुंदा मंडी से मक्का भरकर राजस्थान जा रहा था ट्रक



नवभारत न्यूज

**इछावर 01 मई.** शुक्रवार की सुबह थाने के ठीक सामने एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते बच गया. भैरूंदा मंडी से मक्का भरकर राजस्थान के भीलवाड़ा जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया. घटना के समय सड़क पर भीड़ कम होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई. बताया जा रहा है कि चालक को नींद का झोंका आ गया था, जिससे वह स्टयरिंग पर नियंत्रण खो बैठा. ट्रक सीधे थाने के सामने पलटा. अगर दिन का समय होता या सड़क पर अन्य वाहन होते तो स्थिति गंभीर हो सकती थी. ट्रक में भारी मात्रा में लगभग 42 टन मक्का भरा हुआ था, जो पलटने के बाद सड़क पर बिखर गया. हादसे में ड्राइवर को मामूली चोटें आई हैं, जिसे प्राथमिक उपचार दिया गया है.

जानकारी के अनुसार यह ट्रक भैरूंदा कृषि उपज मंडी से मक्का लेकर भीलवाड़ा राजस्थान की ओर रवाना हुआ था. इसी दौरान चालक को गहरी नींद आ रही थी. इछावर पहुंचने पर उसे थोड़ी झपकी आई और सुबह की शांति के बीच अचानक हुए इस शोर से आसपास के लोग और थाने का स्टाफ तुरंत मौके पर पहुंचा. पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को रास्ते से हटाया गया. ताकि यातायात बाधित न हो.

## समर कैंप शुभारंभ पर विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल

- सांदीपनी विद्यालय में समर कैंप शुरू
- विभिन्न थीमों पर हुई अनेक गतिविधियां आयोजित




नवभारत न्यूज

**बुदनी 01 मई.** शासन के निर्देशानुसार एक मई से नगर के सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय में समर कैंप का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्य सुधा सालोमन एवं समर कैंप प्रभारी अनुपमा दुबे के नेतृत्व में आयोजित हुआ. समर कैंप के पहले दिन विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला.

कैंप के दौरान विभिन्न थीम आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया. हमारे खेल हमारी पहचान थीम के अंतर्गत बोकीया और शेर-बकरी जैसे पारंपरिक खेल खिलाए गए. वहीं आर्ट ऑफ क्राफ्ट में विद्यार्थियों ने आकर्षक मुखौटे बनाए. हमारी कहानियां थीम के तहत थिएटर गतिविधियां आयोजित की गई, जबकि अपने नाम की पर्चियां ढूंढना जैसी रोचक गतिविधियों ने बच्चों का विशेष ध्यान आकर्षित किया. विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी से कैंप का माहौल जीवंत रहा. उपप्राचार्य सुरेंद्र सिंह जामलिया, आयशा खान, खुशबू रैकवार, स्पोर्ट्स शिक्षक इरफान खान, आर्ट क्राफ्ट शिक्षिका सुनीता चाड़ोकर, शशांक पचौरी, सुषमा चौहान एवं चांदनी कुशवाह ने बच्चों के बीच रहकर विभिन्न गतिविधियां संपन्न कराई. प्राचार्य सुधा सालोमन ने विद्यार्थियों और शिक्षकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त की. समर कैंप के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिलेगा. उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नियमित रूप से विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे विद्यार्थियों में रचनात्मकता और आत्मविश्वास का विकास होगा. समर कैंप के पहले दिन सकारात्मक माहौल तैयार कर दिया है.

## 91 लाख की लागत से होगा डामरीकरण कार्य

नवभारत न्यूज

**सीहोर 01 मई.** कायाकल्प योजना के अंतर्गत शहर के छावनी स्थित प्रमुख मार्केट क्षेत्र में 91 लाख रुपए की लागत से सड़कों के डामरीकरण कार्य का आज विधिवत शुभारंभ किया गया. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा तहसील चौराहे पर डामर मशीन का पूजन कर कार्य की शुरुआत की गई. यह डामरीकरण कार्य तहसील चौराहे से प्रारंभ होकर कोतवाली चौराहे तक किया जाएगा.



नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नपा द्वारा शहर के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं. कायाकल्प योजना के माध्यम से सड़कों का सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता एवं बुनियादी सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी शहर के अन्य क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति दी जाएगी, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें और शहर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें. इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सन्नी महाजन, पूर्व नपाध्यक्ष जसपाल अरोरा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्षदगण एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे. सभी ने इस कार्य की सराहना करते हुए इसे शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया.

## क्रिसेंट वारियर्स ने इंटीग्रिटी को हराया

**सीहोर.** बीएसआई मैदान पर विमला देवी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को एक तरफा मुकाबले में क्रिसेंट वारियर्स ने इंटीग्रिटी सल्युशन को तीन विकेट से हराया. इस मैच में सल्युशन की ओर से आदिल खान ने 51 गेंद पर 54 रन, विकास सास्ता 42 रन बनाए थे. इस मौके पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे भागवत कथा वाचक पंडित शिवम मिश्रा आदि ने कहा कि इतनी भीषण गर्मी के मध्य खेलना हौसले की बात है. मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामाम ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंटीग्रिटी सल्युशन ने 32.1 ओवर में दस विकेट खोकर 181 रन बनाए थे. लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्रिसेंट वारियर्स की टीम ने सात विकेट खोकर 21.4 ओवर में 185 रन बनाते हुए जीत हासिल की.

**आयोजन** कांग्रेस के संगठन इंटक ने अंतराराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर किया श्रमिकों का सम्मान

## देश के निर्माण में श्रमिकों की अहम भूमिका : गुजराती

नवभारत न्यूज

**सीहोर 01 मई.** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में कांग्रेस कार्यालय पर जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती के मुख्य आतिथ्य में इंटक कांग्रेस संगठन के तत्वावधान में मजदूर दिवस मनाया गया. इस मौके पर उपस्थित मजदूरों को राजीव गुजराती द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया एवं सभी मजदूर भाई, बहन के साथ स्वल्पाहार भी किया गया.



श्री गुजराती ने कहा कि यह दिन दुनिया भर के श्रमिकों के योगदान, संघर्ष और अधिकारों को सम्मान देने के लिए समर्पित है. किसी भी देश की प्रगति में श्रमिक भाईयों, बहनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए यह दिन उनके प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर भी है. श्रमिक भाई बहन अपनी मेहनत और लगन से देश की नींव को मजबूत करते हैं. आपका संघर्ष और योगदान भारत के निर्माण की असली ताकत हैं.

श्री गुजराती ने संकल्प भी दिलाया कि आपके श्रम को सम्मान मिले, आपके अधिकारों की रक्षा हो, और भारत की प्रगति में आपकी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए आपका भविष्य सुरक्षित बनाने के लिए शासन सभी श्रमिक भाई बहनों का निःशुल्क बीमा एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने पर उचित आर्थिक सहायता राशि प्रदान कराये जाने के लिए कांग्रेस कन्धे से कन्धा मिलाकर आपके हक की लड़ाई के लिये आपके साथ खड़ी है. ओम वर्मा ने कहा कि मजदूर दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि यह श्रमिकों के संघर्ष और सम्मान का प्रतीक है. हमें मजदूरों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता दिखानी चाहिए तथा उनके अधिकारों के लिए आवाज उठानी चाहिए. यही इस दिन का सच्चा उद्देश्य है. इस मौके पर महेश शर्मा, भगवत सिंह परमार, गणेशदत्त चतुर्वेदी, प्रीतम दयाल चौरसिया, रमेश गुप्ता, देवेन्द्र गोस्वामी, उमेश दिसोरिया, शारदा चावला, कला बाई, के.के.रिछारिया, भगत सिंह तोमर, तारा यादव, अजय रैयकवार, यश यादव, तनष्कि त्यागी सहित उपस्थित थे.

## प्रथम चरण में 19 चार्ज अधिकारी नियुक्त

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार जनगणना प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया है. जनगणना के प्रथम चरण के लिए जिले में 19 चार्ज अधिकारी नियुक्त किए गए हैं. जिसमें 10 तहसील ग्रामीण स्तरीय चार्ज अधिकारी एवं 9 नगरीय स्तरीय चार्ज अधिकारी शामिल हैं. ग्रामीण क्षेत्र अन्तर्गत मकान सूचीकरण ब्लॉक 1981 एवं नगरीय क्षेत्र अन्तर्गत मकान सूचीकरण ब्लॉक 424 बनाए गए हैं. ग्रामीण क्षेत्र में 1967 प्रगणक एवं 303 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए है, तो वहीं नगरीय क्षेत्र में 458 प्रगणक एवं 40 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं. 16 से 30 अप्रैल तक स्वगणना पोर्टल के पर नागरिकों द्वारा ऑनलाइन जानकारी दर्ज की गई है. 30 मई तक मकान सूचीकरण होगा.